दैनिक
प्रातः कालीन
# क्यूँ न लिखूँ सच
राष्ट्रीय हिंदी अंग्रजी समाचार पत्र
मुरादाबाद से प्रकाशित
Title Code UPBIL 05086
वर्ष :- 01 अंक :- 347 मुरादाबाद 19April 2022 (Tuesday) पृष्ठ :- 06 मूल्य : 3.00 रुपये
प्रसारित क्षेत्र-बरेली, पीलीभीत, बदायूं, कासगंज, एटा, अलीगढ, संभल, श्रावस्ती, लखनऊ

## सीएम योगी बोले- रूस और यूक्रेन के युद्ध के बीच विश्व शांति के लिए मोदी की ओर देख रही दुनिया



मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा है कि दुनिया आज विश्व शांति के लिए भारत और उसके प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की ओर देख रही है। दुनिया ने जहां महामारी कोरोना के दौरान भारत के प्रबंध और कौशल का लोहा माना है वहीं आज रूस और यूक्रेन के युद्ध के बीच जब दुनिया शांति की बात करती है तो वह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की ओर देख रही है। मुख्यमंत्री सोमवार को एक समाचार एजेंसी के 75वें वर्ष में प्रवेश के मौके पर आयोजित कार्यक्रम में बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि इमरजेंसी के दौरान लोकतंत्र के हर उस स्तंभ का गला घोंटने की कोशिश हुई जो लोकतंत्र को सशक्त बना रहा है। उससे समाचार संस्थान भी अछूते नहीं रहे। अब समाचार एजेंसियों को वर्तमान परिस्थितियां नई चुनौतियों से जूझने के लिए प्ररित करती है। जब देश जूझ रहा है तो समाचार एजेंसियां, संस्थान खुद को उन चुनौतियों से अलग नहीं कर सकते हैं। आज सोशल मीडिया नए अवतार के रूप में सामने आई है। हम डिजिटल मीडिया को भी नकार नहीं सकते हैं। उन्होंने कहा कि चाहे प्रिंट, विजुअल मीडिया हो या सोशल मीडिया सभी भारतीयता का काल बनें। जब पूरी दुनिया कोरोना महामारी से तस्त्र थी, भले ही अन्य देशों ने बौद्धिक विकास की नई ऊचाइयों को छुआ, लेकिन उनका कोई पुरसाहाल नहीं था। कोरोना के सामने पूरे देश पस्त होते दिखे, सबसे बड़े लोकतंत्र भारत ने प्रबंधन की अलग पहचान दुनिया के सामने प्रस्तुत की। एक तरफ सदी की महामारी है और दूसरी ओर यूक्रेन व रूस के बीच युद्ध...। जब शांति की बात आती है तो दुनिया भारत की ओर देखती है। तमाम देश आज नरेंद्र मोदी की ओर संवाद के लिए देख रहे हैं। भारत आज उस स्थिति में है कि दुनिया भारत के कौशल व प्रबंधन का लोहा मान रही है। देश सोचते हैं कि भारत के संवाद का असर पड़ेगा।

### सही समाचार देना लोकतंत्र की सेवा करना

उन्होंने कहा कि उन्हें उम्मीद है कि समाचार संस्थान भारतीयता के साथ जोड़ते हुए सोशल, डिजिटल, विजुअल या प्रिंट मीडिया में समाचार उपलब्ध करवाने के दौरान नई ऊंचाइयों तक पहुंचाने में सफल होंगे।

सही समाचार पहुंचाना भी लोकतंत्र की बहुत बड़ी सेवा करना है। व्यक्ति सत्यता को जानकर आगे की योजना बनाता है। सही समाचार देना लोकतंत्र की सेवा है।

WWW.KNLSLIVE.COM

## उत्तराखंड में कॉमन सिविल कोड जल्द, अन्य राज्यों से भी लागू करने की अपील- सीएम धामी



काशीपुर- दिल्ली से लौटे सीएम धामी सोमवार को अलग अंदाज में नजर आए। काशीपुर में कार्यक्रम के दौरान उन्होंने कॉमन सिविल कोड, पर्यटन, शिक्षा सहित राज्य के विकास का खाका खींचा। उत्तराखंड को एक मॉडल प्रदेश में कैसे विकसित करना, सरकारी कामकाज में सरलीकरण व भ्रष्टाचार पर लगाम जैसी बातों से धामी पर दिल्ली बैठक का असर साफ तौर पर नजर आ रहा था। काशीपुर के बासखेड़ा में प्राथमिक स्कूल के रूपांतरण कार्यक्रम में पहुंचे सीएम पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि सरकार सरलीकरण के मंत्र पर काम करेगी। सरलीकरण, समाधान और निस्तारणीकरण पर ध्यान देना है।

### हर घोषणा के लिए प्रतिबद्ध

सीएम ने एक बार फिर यूनिफार्म सिविल कोड के लागू होने को लेकर कहा कि कैबिनेट मीटिंग ने बड़ा फैसला लिया है। चुनाव के दौरान लिए वादे को निभाने के लिए पहली बैठक में ही इसे लागू करने का फैसला किया है। इसी के अंतर्गत एक कमेटी बनाई है जो कॉमन सिविल कोड का ड्राफ्ट तैयार करेगी। सीएम पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि अपने कमेटी जो बना रहे हैं, उसमें विधि के जानकार होंगे और यह ड्राफ्ट तैयार किया जाएगा। इस ड्राफ्ट को विधि विभाग द्वारा जांच की जाएगी। मेरा अन्य राज्यों से भी निवेदन है कि वह भी इस कानून को अपने-अपने राज्यों में लागू करें। इससे देश, राज्य व समाज का भला होगा।

### सरकारी कामकाज सरल- भ्रष्टाचार पर लगाम

सरकारी जटिल प्रक्रियाओं को आसान करने के लिए सरकार काम करेगी। इसमें भ्रष्टाचार पूरी तरह से खत्म करेंगे। सरकारी कामकाज में पारदर्शिता व इस पर अंकुश के लिए 1064 का नंबर शुरू किया है। इसके लांच होते ही कार्रवाई शुरू हो चुकी है। इसमें शिकायत करने वाले का नाम भी गुप्त रखा जाएगा।

### शिक्षा पर विशेष ध्यान

शिक्षा व्यवस्था पर जोर देते हुए सीएम ने कहा कि जिले के 256 प्राथमिक विद्यालयों का रूपांतरण किया जाएगा। इस दौरान उन्होंने कहा कि सरकार आप लोगों से अलग नहीं है कंधे से कंधा मिलाकर ही हम बदलाव ला सकते हैं। काशीपुर में बहल पेपर मिल की तरफ से सात विद्यालयों का रूपांतरण किया गया है। काशीपुर के रूपांतरण कार्यक्रम के तहत बने स्कूल मॉडल के रूप में काम करेगा। इससे प्रेरणा लेकर जिले में अन्य स्कूलों को बेहतर किया जाएगा।

### जनता के साथ मिलकर काम

धामी ने कहा-यह आप की सरकार है समाज में बदलाव लाने के लिए सभी का साथ जरूरी है। सरकार एक सीमा तक काम कर सकती है लेकिन समाज जब मिलकर काम करेगा तो बेहतर परिणाम आएंगे। हमारा लक्ष्य है कि उत्तराखंड में पढ़ने वाले सभी बच्चों को हर मूलभूत सुविधाएं मिल सके।

### परीक्षा पर चर्चा का उल्लेख

शिक्षा को लेकर पीएम नरेन्द्र मोदी कितने संवेदनशील है परीक्षा संवाद के दौरान देखने को मिला। जिस सरलता से उन्होंने बच्चों से परीक्षा पर उससे बच्चों के मन से परीक्षा का डर निकल गया। शिक्षा मूल्य समय से पहचानना होगा और एक बार समय निकल जाए तो वक्त दुबारा नहीं लौटता।

### युवाओं पर सरकार का फोकस

हमारा लक्ष्य है तो बच्चों का यह स्वर्णीम समय में हम बेहतर से बेहतर सुविधा दे सके। खेल नीति के लेकर आए है युवाओं को बेहतर अवसर बन सके इसके लिए प्रयास किया जा रहा है इसमें बच्चों में अगर योग्यता है और किसी खेल में जाता है तो उसे पैसे के लिए किसी के सामने हाथ नहीं फैलाना होगा। उनके रहने, खाने और आने जाने का व्यवस्था सरकार करेगी।

## लखीमपुर खीरी कांड: आशीष मिश्रा की जमानत रद्द होने पर राकेश टिकैत बोले- कोर्ट के पावर से ही ठीक चलेगा देश



लखीमपुर खीरी में किसानों को जीप से कुचलने के आरोपी और केंद्रीय मंत्री अजय मिश्रा टेनी के बेटे आशीष मिश्रा की जमानत सुप्रीम कोर्ट से रद्द हो गई है। सर्वोच्च अदालत ने आशीष को एक सप्ताह के भीतर सरेंडर करने को कहा है। भारतीय किसान यूनियन (भाकयू) के नेता और कृषि आंदोलन का चेहरा रहे राकेश टिकैत ने सुप्रीम कोर्ट के फैसले का स्वागत किया है। उन्होंने कहा है कि कोर्ट अपने पावर का इस्तेमाल करे तो देश ठीक चल सकता है। राकेश टिकैत ने आशीष मिश्रा की जमानत याचिका रद्द किए जाने पर प्रतिक्रिया देते हुए एक टीवी चैनल से फोन पर कहा, "सुप्रीम कोर्ट ठीक काम करती है, यदि काम करने दिया जाए। इसको (आशीष मिश्रा) को एक हफ्ते का टाइम है तो सरेंडर करना चाहिए।" इलाहाबाद हाई कोर्ट के फैसले पर सुप्रीम कोर्ट की टिप्पणी को लेकर टिकैत ने कहा कि वह इस पर कुछ नहीं कह सकते हैं। कोर्ट कोर्ट को कह सकता है। हालांकि, उन्होंने यह भी कहा कि पूरा देश मान रहा था कि गलत हुआ था। राकेश टिकैत ने इसे हार या जीत मानने से इनकार करते हुए कहा कि यह न्याय और अन्याय की बात है। उन्होंने कहा, "संसद से बड़ा कोर्ट है। जब कोर्ट अपनी पावर का इस्तेमाल करेगा तो देश ठीक चलेगा। सरकारें तो नहीं मान रही थी। कोर्ट के फैसले से ही मान रही है। सरकार की तरफ से पैरवी होनी चाहिए थी। ढिलाई की गई। पीड़ित पक्ष के साथ सरकार को खड़ा रहना चाहिए, लेकिन सरकार मंत्री के साथ खड़ी रही।"

## तेज रफ्तार ट्रक ने चार पहिया वाहन को मारी जोरदार टक्कर



अविनाश चंद्र दीक्षित
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

बाँदा-बांदा जनपद के मवई बाईपास के पास चिल्ला से सवारी भर कर बांदा आ रही चार पहिया गाड़ी को कनवारा से आ रहे ट्रक ने टक्कर मार दी। टक्कर लगाने से लामा गांव निवासी जुगल किशोर पुत्र मदन गोपाल घायल हो गए जिन्हे पुलिस वा राहगीरों की मदद से जिला अस्पताल इलाज के लिए भेजा गया। जुगल किशोर अपनी पत्नी और बच्चे के साथ बांदा आ रहे थे तभी रास्ते में इसका शिकार हो गए। मवई बाईपास में आए दिन होनी वाली सड़क दुर्घटनाओं को देखते हुए यहां के ग्रामीणों ने बताया की उन्होंने जिला प्रशासन ने कई बार स्पीड ब्रेकर बनवाए जाने की मांग भी की है। जो अभी पूरी नहीं हुई।

## बैंक चेकिंग अभियान व महिलाओं व बालिकाओं को सुरक्षा, स्वावलंबन व सम्मान के प्रति किया गया जागरूक



हारुन बख्श
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

फर्रुखाबाद - श्रीमान पुलिस अधीक्षक महोदय श्री अशोक कुमार मीणा के निर्देशन में जनपद के सभी थाना क्षेत्रों में बैंक चेकिंग अभियान के दौरान सभी थानों द्वारा अपने-अपने थाना क्षेत्रों के बैंकों में जाकर छ्ष्टङ्क कैमरा, इमरजेंसी अलार्म, संदिग्ध व्यक्तियों की चेकिंग की गयी। पुलिस अधीक्षक श्री अशोक कुमार मीणा के निर्देशन में थाना मेरापुर महिला सुरक्षा विशेष दल द्वारा छात्राओं को हेल्पलाइन नंबर 1098/181/112/1090/1076 व महिला सम्बन्धी अपराधो के प्रति जागरूक किया गया। श्रीमान पुलिस अधीक्षक महोदय श्री अशोक कुमार मीणा के निर्देशन में जनपद के समस्त थानों पर नियुक्त महिला सुरक्षा विशेष दल द्वारा सुरक्षा व्यवस्था/आगामी त्यौहारों के दृष्टिगत महिलाओं व बालिकाओं को सुरक्षा, स्वावलंबन व सम्मान के प्रति विस्तृत रूप से किया गया जागरूक।

## प्राथमिक विद्यालय मोगला मे अज्ञात चोरों ने ताला तोड़कर विद्यालय में रखा सामान उठा ले गए

प्रेमचंद जायसवाल
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

श्रावस्ती-विकासखंड जमुनहा के अंतर्गत ग्राम पंचायत मल्हीपुर खुर्द के मजरा मोगरला में प्राथमिक विद्यालय के प्रधानाध्यापक राघवेंद्र प्रताप मिश्र ने थाना मल्हीपुर में तहरीर देकर आरोप लगाया की विद्यालय में पहुंचने पर देखा कि प्रधानाध्यापक के कक्ष का ताला टूटा मिला जिसमे रखा जरूरी कागजात सामान बिखरे मिले। कुछ समय बाद पता चला कि विद्यालय से लगभग 700 मीटर की दूरी पर बक्सा टूटा हुआ तथा कागज बिखरे हुए त्रिलोकीनाथ के खेत में पड़े हुए हैं जिसकी जिसमे गेहू की फसल कटाई के रूप में मनोहर कर रहे थे उन्हीं की पत्नी के द्वारा सूचना प्राप्त हुई मौके पर पहुंचकर हम लोगों ने मोबाइल से फोटो खींचा बा वीडियो बनाएं तथा विखरे हुए य बचे हुए सामान को बाक्स सहित विद्यालय ले आया इसी घटना से विद्यालय में हुई छति का विवरण निम्न है कुछ आवश्यक अभिलेख, लेखन सामग्री, सिलेंडर, बर्तन , आदि विद्यालय में रखा था जो अज्ञात चोर उठा ले गए इस संबंध में प्रधान शिक्षक राघवेंद्र मिश्रा ने थाना मल्हीपुर में तहरीर देकर कार्रवाई की मांग किया है।

## 25 हजार का इनामिया एक अभियुक्त गिरफ्तार



लंकीन प्रसाद वर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

श्रावस्ती- प्रभारी निरीक्षक रमेश थाना कोतवाली भिनगा मय हमराही व स्वाट टीम प्रभारी रामपाल यादव मय हमराही के साथ संयुक्त टीम भ्रमण क्षेत्र में भ्रमण शील थे कि मु0अ0सं0 004/2022 धारा 3(1)उ0प्र0 गैंगेस्टर एक्ट (थाना सिरसिया) से सम्बन्धित वांछित अभियुक्त व रु0 25000 का इनामिया राहुल वर्मा पुत्र राजेन्द्र वर्मा निवासी भितुहरिया दाश डोमाई थाना सिरसिया जनपद श्रावस्ती जो पिछले 03 महीने से ज्यादा समय से फरार चल रहा था जिसके ऊपर अबैध रूप से जंगल की लकड़ी चोरी के कई मुकदमे पंजीकृत है। जिसको मुखबिर की सूचना पर सधईपुरवा के पास से गिरफ्तार किया।

# भाजपा किसान मोर्चा के महानगर अध्यक्ष ने किया धनीपुर वीडियो को सम्मानित

लवकुश ठाकुर
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच



अलीगढ़-जपा किसान मोर्चा के महानगर अध्यक्ष ठाकुर राकेश कुमार सिंह ने धनीपुर विकास खंड अधिकारी धनीपुर ठाकुर देवेंद्र पाल सिंह का फूल मालाओं से स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया भाजपा किसान मोर्चा के महानगर अध्यक्ष ठाकुर राकेश कुमार सिंह ने कहा है कि ठाकुर देवेंद्र पाल सिंह जहां-जहां भी जिन्हें जिम्मेदारियां पर आए हैं वहां पर इमानदारी से वफादारी से विभागीय चरित्र काफी अच्छा रहा है जिस जिम्मेदारी पर इस विभाग में रहे हैं वहां पर ईमानदारी इसे कार्य किया है समय से आना समय से जाना रहा है बड़ी मेहनत और लगन शीलता से अच्छी जिम्मेदारियां पर कार्य किया है उत्तर प्रदेश सरकार ने उनकी योग्यता के आधार पर उनकी मेहनत के आधार पर विकास खंड अधिकारी धनीपुर प्रोन्नति किया है उत्तर प्रदेश सरकार जिस विभाग में अधिकारी मांधारी से कार्य कर रहे हैं उनको बढ़ाने का आगे कार्य करती है उत्तर प्रदेश सरकार ने आज ठाकुर देवेंद्र पाल सिंह को विकास खंड अधिकारी बना दिया है भाजपा किसान मोर्चा के महानगर अध्यक्ष ठाकुर राकेश कुमार सिंह ने कहा है कि ईमानदार अधिकारियों एवं इमानदार कर्मचारियों को इसी तरह से सम्मान मिलता है विकास खंड अधिकारी ठाकुर देवेंद्र पाल सिंह का स्मृति चिन्ह देकर फूल मालाओं से स्वागत किया है उनके साथ एडीओ पंचायत धनीपुर के पद पर दुर्गेश कुमार सेंगर की तैनाती की गई है उनका भी भाजपा किसान मोर्चा के महानगर अध्यक्ष ने सम्मान किया है उन्होंने कहा है कि इसी तरह से विभाग में जिम्मेदारी से कार्य करते रहेंगे आगे पदोन्नति मिलते रहेंगे उनके साथ विभाग का समस्त स्टाफ मौजूद रहा फोर्थ क्लास के कर्मचारी तक मौजूद रहे हैं

# मिशन शक्ति फेज-4.0 के अंतर्गत विकास खण्ड बिथरी चैनपुर, फरीदपुर और भुता में स्वावलम्बन कैम्प का आयोजन

तकी रज़ा
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच



बरेली- जिलाधिकारी श्री शिवाकान्त द्विवेदी द्वारा दिए गए निर्देश के क्रम में उपनिदेशक महिला कल्याण/जिला प्रोबेशन अधिकारी ने आज विकासखंड बिथरी चैनपुर, फरीदपुर और भुता में "मिशन शक्ति फेज-4.0" के अंतर्गत स्वावलम्बन कैम्पों का आयोजन किया गया। जिसमें जिला प्रोबेशन कार्यालय, जिला बाल संरक्षण इकाई, महिला शक्ति केन्द्र के स्टाफ एवं खण्ड विकास अधिकारी और बाल विकास परियोजना अधिकारी की अध्यक्षता में स्वावलंबन कैंप आयोजित किये गये। माननीय विधायक डॉ. श्याम बिहारी और कीर्ति कश्यप ने विकास खण्ड फरीदपुर में कैम्प का निरीक्षण किया एवं "मिशन शक्ति फेज-4.0" के माध्यम से महिलाओं/बालिकाओं की किस प्रकार सहायता की जा रही है आदि की जानकारी ली गयी। जिस पर महिला कल्याण विभाग की टीम ने बताया कि "मिशन शक्ति फेज-4.0" के माध्यम से महिलाओं और बालिकाओं को सशक्त किया जा रहा है और विभाग द्वारा संचालित कल्याणकारी योजनाओं, पैम्फलेट्स एवं हेल्पलाइन नंबरों के बारे में भी बताया गया। मानसिक स्वास्थ्य एवं मनोसामाजिक मुद्दों से सुरक्षा तथा सपोर्ट हेतु जागरूक किया गया एवं 181-महिला हेल्पलाइन नम्बर, 1090-वीमेन पावर लाइन, 1098-चाइल्ड हेल्पलाइन, 112- आपात सेवाएं आदि हेल्पलाइन, 1076-मुख्यमंत्री हेल्पलाइन, 102-स्वास्थ्य सेवा, 108 एम्बुलेंस सेवा आदि नम्बरों की जानकारी दी गयी।


## अखिल भारतीय प्रधान संघ ने मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन जिला अधिकारीके माध्यम से सौपा

अविनाश चंद्र दीक्षित
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच



बाँदा-अखिल भारतीय प्रधान संघ बड़ोखर खुर्द बांदा के पदाधिकारियों ने कलेक्ट्रेट परिसर पहुंच कर अपनी विभिन्न मांगों का ज्ञापन माननीय मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश सरकार को संबोधित जिला अधिकारी बांदा के माध्यम से देते हुए बताया की ग्राम पंचायत बनी गोशालाओ में समय से धन न मिलने से गोशाला चलाने में भारी दिक्कतें आती है। इस लिए इसे ग्राम पंचायत से हटा कर किसी और विभाग के सुपुर्द कर दिया जाय। मनरेगा में भी समय से धन नहीं मिल रहा है। ,इसी क्रम में ग्राम पंचायत में बने सामुदायिक सौचालय में सफाई कर्मचारी का वेतन 9000रू ग्राम पंचायत से ही भुगतान करना पद रहा है। जिससे विकाश के लिए आया धन वेतन वा अन्य मद में खर्च हो जाने की वजह से ग्राम पंचायत के विकाश में बाधा आ रही है। आज अपने ज्ञापन के माध्यम से प्रधानों ने ग्राम पंचायत में गोशालाओ के संचालन करने से अपने हांथ खड़े करते हुए किसी अन्य विभाग वा समित से संचालित कराने की मांग की है। अगर यह मांग जल्द पूरी नहीं होती है तो आगामी भविष्य में सभी प्रधान कार्य बहिस्कार वा अनशन करने को मजबूर होंगे।

## श्रम विभाग के कर्मचारी पर फरियादी ने लगाया 15000हजार रूपए रिश्वत मांगने का आरोप



अविनाश चंद्र दीक्षित
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच


बाँदा-जिला अधिकारी बांदा को दिए अपने अपने प्रार्थना पत्र में विद्या देवी पत्नी रामबहोरी निवासी खुटला शहर बांदा अर्चना पत्नी गयादीन निवासी पचनेही जिला बांदा वा सीमा देवी ने आज जिला अधिकारी बांदा को अपने अपने प्रार्थना पत्र के माध्यम से अपनी समस्या बताते हुए अवगत कराया गया की श्रम विभाग बांदा में कर्मचारी लवलेश पटेल द्वारा फाइल पास करने के नाम से 15000रू की रिश्वत की मांग की जा रही है।जिसे पूरी न करने पर लाभार्थियों को सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं का लाभ नहीं मिल पा रहा है। इसी क्रम में जब मीडिया कर्मियों ने जब श्रम विभाग के अधिकारी से उनका पक्ष जानने का प्रयास किया गया तो उन्होंने भी गोलमोल जवाब देते हुए जांच कर कार्यवाई करने की बात कही। अब देखने वाली बात है की कई बार फरियाद कर चुके फरियादियों की फरियाद कब तक पूरी होती है। आने वाला समय ही बताएगा।

# गूगल मैप से जोड़े जा रहे कम्युनिटी टॉयलेट –जफर इस्लाम



मुरादाबाद-सोमवार को राज्यसभा सदस्य जफर इस्लाम ने कहा कि सफाई कर्मियों के प्रयास से तमाम लोग बीमारी से सुरक्षित है। सरकार ने स्वच्छता को प्राथमिकता दी है। नतीजतन स्वच्छ कार्यक्रम के चलते ही सामुदायिक शौचालयों को अब सरकार ने गूगल मैप से जोड़ा है। इस मैप से लोग शौचालयों की स्थिति का पता लगा सकेंगे। राज्यसभा सांसद ने मुरादाबाद नगर निगम के 34 सफाई कर्मियों को सम्मानित कर प्रशस्ति पत्र भी प्रदान किया। इस मौके पर मेयर व अन्य नेताओं ने भी विचार व्यक्त किए। भाजपा नेता और राज्यसभा सदस्य जफर इस्लाम ने निगम के सभागार में उत्कृष्ट कार्यों के लिए 25 सफाई कर्मचारी व नौ सफाई नायकों को सम्मानित किया। इस दौरान सांसद ने कहा पीएम नरेन्द्र मोदी की पहल पर देश भर में स्वच्छता को प्राथमिकता दी गई है। खुले में शौच मुक्त को लेकर घर में ही शौचालय बनाने पर जोर दिया गया। पहले घर की महिलाएं बाहर शौच के लिए मजबूरी में जाती थी। अब ओडीएफ के तहत ही शौचालय बनाकर लाभार्थियों को राहत दी गई। यही नहीं सामुदायिक शौचालयों को गूगल मैप से भी जोड़ा गया। बाद में सांसद ने कंपनी बाग में सफाई के लिए श्रमदान किया। इस मौके पर मेयर विनोद अग्रवाल, सफाई कर्मचारी नेता ओमीलाल वाल्मीकि ने भी विचार व्यक्त किए। संचालन मोहम्मद अली वारसी ने किया। कार्यक्रम में भाजपा महानगर अध्यक्ष धर्मेन्द्र नाथ मिश्रा, मनीष सिंह, अभिषेक सिंह, मयूर भाटिया आदि रहे।

# मुरादाबाद में गेहूं क्रय केंद्रों पर नहीं पहुंच रहे किसान



मुरादाबाद-मुरादाबाद में गेहूं खरीद बेहद सुस्त है। एक तो एमएससी से ज्यादा बाजार में गेहूं का दाम मिल रहा है दूसरे क्रय एजेंसी वालों का किसानों से संपर्क सुस्त है। किसानों से संपर्क करने के लिए अफसरों ने जो रणनीति बनाई गई उस पर पूरी तरह अमल नहीं किया जा रहा है। नोडल अधिकारी अनिल कुमार ने किसान संपर्क रजिस्टर बना कर किसानों से संपर्क करने पर जोर दिया लेकिन अभी संपर्क में सुस्ती है। गेहूं खरीद में विभागीय सुस्ती से क्रय सें क्रय केंद्र खाली हैं। गेहूं खरीद के लिए संबंधित किसानों से संपर्क कर उन्हें गेहूं लाने के लिए प्रेरित करना है। इसमें कुछ एजेंसियों ने रजिस्टर बना लिए कुछ अभी भी आदेशों को हवा में उड़ा रहे। मुरादाबाद में गेहूं खरीद इसी वजह से तेजी नहीं पकड़ पा रही है। वरिष्ठ आईएएस अनिल कुमार ने पिछले दिनों मंडल का दौरा किया थाऔर मीटिंग भी की इसका असर क्रय एजेंसी वालों पर नहीं पड़ा। गेहूं खरीद में इसी वजह से ज्यादा सुस्ती दिखाई दे रही है। बाजार और एमएसपी के दाम में अंतर भी एक वजह हैं। इस बार 2015 रुपए सरकारी खरीद का रेट रखा गया वहीं बाजार में 2050 रुपए कुंतल गेहूं खरीद का ऑफर है। इस वजह से कुछ किसान बाजार की तरफ रुख कर रहे हैं।

### गेहूं अभी तैयार कम, बढ़ेगी खरीद

गेहूं अभी तैयार कम है इस वजह से भी असर पड़ रहा है। गेहूं क्रय केंद्र खुल रहे हैं जब ज्यादा किसानों का गेहूं कट कर तैयार हो जाएगा तो इसका असर दिखेगा। डिप्टी आरएमओ राजेश्वर सिंह कहते हैं इसके बाद भी सभी क्रय केंद्रों पर किसानों की सुविधाओं के लिहाज से खरीद के पूरे इंतजाम किए गए हैं।

# फेसबुक पर युवती की फेक आईडी बनाकर डाली आपत्तिजनक पोस्ट

मुरादाबाद-युवती के नाम की फेसबुक पर फेक आईडी बनाकर आरोपी ने आपत्तिजनक पोस्ट डाली। युवती के फेसबुक फ्रेंड्स की फोटो एडिट करके उसे बदनाम करने की कोशिश की। परेशान पीड़िता ने ट्वीटर पर सीएम योगी आदित्यनाथ, यूपी पुलिस और मुरादाबाद पुलिस से शिकायत की। पुलिस मुख्यालय ने तत्काल संज्ञान लिया। जिसके बाद साइबर सेल ने जांच शुरू कर दी है। नगर निवासी युवती का फेबुक पर उसके नाम से अकाउंट हैं। युवती के अनुसार किसी ने उसके नाम से ही एमबी पर एक फेक आईडी बना ली। इकसे बाद आरोपी ने युवती के दोस्त का फोटो एडिट करके आपत्तिजनक पोस्ट फेसबुक पर डाल दी। पीड़िता के अनुसार उसने मैसेज भेज कर आरोपी को समझाने की कोशिश की, लेकिन फिर भी वह नहीं माना और हरकतें जारी रखा। इधर बदनामी के डर से युवती भी शांत रही लेकिन वह मानसिक तनाव में आ गई। परेशान होकर पीड़िता ने मुरादाबाद पुलिस, यूपी पुलिस, डीएम और मुख्यमंत्री को ट्वीट करके मदद की गुहार लगाई। इसके बाद पुलिस मुख्यालय से तत्काल मामले का संज्ञान लिया। पुलिस मुख्यालय ने मुरादाबाद पुलिस को तत्काल आवश्यक कार्रवाई के आदेश दिए। जिसके बाद से साइबर सेल मामले की जांच पड़ताल में जुटी है। पुलिस ने फेक आईडी को डिलिट करा दी है। अब उसे चलाने वाले का पता लगाने के प्रयास में लगी है।

दैनिक अखबार क्यूँ न लिखूँ सच को जिला एवं तहसील स्तर पर ब्योरो संवाददाता व विज्ञापन प्रतिनिधि चाहिए
9027776991
knlslive@gmail.com

# जन-जन तक स्वास्थ्य सुविधा का संदेश पहुँचाने के आयुष्मान भारत ब्लॉक स्वास्थ्य मेला आयोजित किया गया



मौ.युसूफ
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

मुरादाबाद- सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र डिलारी में आज़ादी का अमृत महोत्सव के अन्तर्गत जन-जन तक स्वास्थ्य सुविधा का संदेश पहुँचाने के आयुष्मान भारत ब्लॉक स्वास्थ्य मेला आयोजित किया गया। मेले का शुभारम्भ फीता काटकर राज्य सभा सासंद डा. जफर इस्लाम ने किया । इस स्वास्थ्य मेले में स्वास्थ्य देखभाल सेवायें, नि:शुल्क जांच, नि:शुल्क दवाईयां, टेली-कंसल्टेशन, मुंह का कैंसर, मोतियाबिन्द की जांच, योग और ध्यान, मधुमेह, उच्च रक्तचाप, एबीएचए ( स्वास्थ्य आईडी ) एवं आयुष्मान भारत कार्ड आदि की जानकारी दी जा रही है। मेले का आयोजन सीएचसी प्रभारी डा.गिरीश राना, ब्लॉक प्रतिरक्षण अधिकारी डा. अमित भारद्वाज, चीफ फार्मासिस्ट राजेन्द्र सिंह, फार्मासिस्ट मनोज कुमार एवं सतीश कुमार के कुशल निर्देशन में किया जा रहा है ।

राज्य सभा सासंद डा. जफर इस्लाम ने सभी सम्मानित क्षेत्रवासियों से मेले में आकर स्वास्थ्य निश्चित, प्रगति सुनिश्चित करने की अपील की है। इस अवसर में क्षेत्र के ग्राम प्रधानों, क्षेत्र पंचायत सदस्यों एवं क्षेत्रवासियों ने बढ़-चढ़कर भागीदारी की।

WWW.KNLSIVE.COM

# यातायात के नियमों की जानकारी दी, शांति व्यवस्था बनाए रखने की अपील



मुरादाबाद-गोष्ठी में विभिन्न गांवों के लोग पहुंचे। थानाध्यक्ष लखपत सिंह ने कहा कि दोपहिया वाहनों पर हेलमेट का प्रयोग करें व वाहन चलाते समय फोन पर बात न करें। प्रेशर हॉर्न न लगाएं और शराब पीकर वाहन न चलाएं। थानाध्यक्ष ने महिला सुरक्षा संबंधी विभिन्न जानकारियां दी व हेल्पलाइन नंबर बताए। उन्होंने साइबर अपराध की जानकारी दी और उससे बचने के उपाय भी समझाए। चौकी प्रभारी सुरेंद्र कुमार ने यातायात संबंधित काफी नियम समझाए व सड़क सुरक्षा जीवन रक्षा विषय पर प्रकाश डाला। किसी भी अफवाह पर ध्यान न देने के लिए कहा और अगर क्षेत्र के किसी भी गांव में कोई भी समस्या है उसको तुरंत पुलिस से बताने के लिए कहा और हर संभव मदद करने का भरोसा दिया। इस दौरान जिला पंचायत सदस्य महंत सुंदर गिरी उर्फ छोटू बाबा, ग्राम प्रधान करनवीर यादव, शाहरुख सैफी, अनिल कुमार, वसीम मलिक, भूदेव यादव, जानेआलम, पूर्व प्रधान हाजी मोहम्मद अहमद, कय्यूम अली, राजवीर सिंह आदि मौजूद रहे।

इस समाचार पत्र में सभी जन अबैतनिक तथा स्वयंसेवी है समाचार पत्र में लिखे लेख,समाचार अन्य तथ्यों से संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं है संवाददता ही समाचार या लेख का जिम्मेदार होगा- संपादक

क्यूँ न लिखूँ सच
स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक नरेश राज शर्मा द्वारा ए0एच0प्रिंटर्स, असालतपुरा, लंगड़े की पुलिया, मुरादाबाद-244001 उत्तर प्रदेश से छपवाकर कार्यालय म.नं. 210 खा सीतापुरी, डबलफाटक जनपद-मुरादाबाद उत्तर प्रदेशद्ध से प्रकाशित एवं वितरित किया।
संपादक - नरेश राज शर्मा
मो. 9027776991
Title Code : UPBIL05086
इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादक हेतु पीआरबी एक्ट के अन्तर्गत उत्तरदायी होंगे तथा इनसे उत्पन्न समस्त विवाद मुरादाबाद न्यायालय के अधीन होंगे।

आवश्यकता है उत्तर प्रदेश/ उत्तराखंड में रिपोर्टर,विज्ञापन एजेंसी के लिए संपर्क करे- knlslive@gmail.com 9027776991,
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच में खबरों और विज्ञापन के लिए संपर्क करे- 7906743371, 9458664527

# जनपद के सभी राशन गोडाउन पर सीसीटीवी कैमरे की निगरानी में कोटेदारों को मिलेगा पूरा राशन



निशाकांत शर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

एटा-भ्रष्टाचार के खिलाफ जीरो टॉलरेंस की नीति का कड़ाई के साथ अनुपालन सुनिश्चित किया जाए जनपद के सभी राशन गोडाउन पर सीसीटीवी कैमरे की निगरानी में कोटेदारों को मिलेगा पूरा राशन जिलाधिकारी अंकित कुमार अग्रवाल ने संबंधित अधिकारियों के साथ बैठक कर दिए सख्त निर्देश जिला मजिस्ट्रेट अग्रवाल ने सूचित किया है कि मा0 मुख्यमंत्री जी एवं मा0 मुख्य सचिव द्वारा निर्देशित किया गया है भ्रष्टाचार मुक्त प्रशासकीय व्यवस्था अपनाई जाए जिससे कि निचले स्तर तक के लाभार्थियों को पारदर्शिता के साथ लाभ मिल सके। इसके साथ ही भ्रष्टाचार के खिलाफ जीरो टॉलरेंस की नीति का कड़ाई के साथ अनुपालन सुनिश्चित कराया जाए। योजनाओं में पारदर्शिता हेतु विभागों के सभी कार्यों का डिजिटलाइजेशन किया जाए। जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों के साथ कलेक्ट्रेट चेंबर में अति आवश्यक बैठक कर दिशा निर्देश देते हुए कहा कि विभिन्न माध्यमों से यह शिकायत प्राप्त हो रही है कि सार्वजनिक वितरण प्रणाली में लाभार्थियों को निर्धारित मानक से कम राशन दिया जा रहा है। यह भी शिकायतें प्राप्त हुई हैं कि गोडाउन से भी कोटेदार को निर्धारित मानक से कम राशन उपलब्ध कराया जा रहा है, यह स्थिति अत्यंत खेद जनक है। डीएम ने बैठक के दौरान संबंधित अधिकारियों को सख्त निर्देश दिए कि जनपद की सभी राशन गोडाउन पर सीसीटीवी कैमरों की व्यवस्था की जाए एवं इलेक्ट्रॉनिक धर्म कांटा लगा कर उनके माध्यम से वजन करने के उपरांत ही खाद्य पदार्थ कोटेदार को उपलब्ध कराया जाए। बाट माप निरीक्षक द्वारा जनपद के समस्त कांटो का बजन कर सभी धर्मकांटों का सत्यापन कर प्रमाण पत्र उपलब्ध कराया जाए। जिलाधिकारी ने इस समस्त कार्य की सफल मॉनिटरिंग के लिए एडीएम वित्त एवं राजस्व सुनील कुमार सिंह को नोडल अधिकारी नामित किया है तथा समस्त व्यवस्थाएं 30 अप्रैल तक हर हाल में पूर्ण कराए जाने हेतु निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि इस अत्यंत महत्वपूर्ण कार्य मे किसी भी स्तर पर लापरवाही न बरती जाए, लापरवाही बरतने वालों पर सख्त कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। बैठक में अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व सुनील कुमार सिंह, अपर जिलाधिकारी प्रशासन आलोक कुमार, एएसडीएम वेदप्रिय आर्य, पीडी निर्मल कुमार द्विवेदी जिला पूर्ति अधिकारी राजीव कुमार मिश्र, बाट माप निरीक्षक अतुल कुमार आदि मौजूद रहे।


# गली- गली गूंजे आधी रोटी खायेंगे, बच्चों को पढायेंगे के नारे



निशाकांत शर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

एटा-मारहरा- सोमवार को स्कूली बच्चों ने लोगों को शिक्षा के प्रति जागरूक किया। इस दौरान मारहरा कस्बा की गली गली में आधी रोटी खायेंगे, बच्चों को पढायेंगे के नारे गूंज उठे। कस्बा के परिषदीय विद्यालयों द्वारा निकाली गई स्कूल चलो रैली का शुभारम्भ पालिकाध्यक्ष परवेज जुबैरी ने हरी झंडी दिखाकर किया। रैली की शुरूआत मिरहची अड्डा स्थित मौलाना आजाद प्राथमिक विद्यालय से किया गया। रैली में शामिल सभी परिषदीय विद्यालयों के बच्चों ने हाथों में शिक्षा को प्रेरित करते स्लोगन लिखे बैनर और तख्तियां पकड़कर लोगों में शिक्षा के प्रति जागरूकता फैलाई। उन्होने आधी रोटी खायेंगे बच्चों को पढायेंगे और पढ़ेंगे पढायेंगे, उन्नत देश बनायेंगे आदि नारे भी लगाये। रैली का समापन मुहल्ला बृहमनपुरी स्थित कन्या पूर्व माध्यमिक विद्यालय पर किया गया। इस दौरान सत्यपाल चौहान, प्रशांत पचौरी, प्रवीण कुमार उपाध्याय, पुष्पेन्द्र कुमार, अमित कुमार माहेश्वरी, मुहम्मद इजराइल, मुहम्मद इमरान, समीर, नूरजहां, जितेन्द्र कुमारी, मालती आदि मौजूद रहे।

# चौकी इंचार्ज विजय सिंह ने अपने सिपाहियों के साथ मिलकर की शर्मनाक अभद्रता



निशाकांत शर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

एटा-पटियाली गेट चौकी इंचार्ज विजय सिंह ने व कोबरा पर तैनात सिपाहियों के साथ मिल कर की खुली गुंडई बदायूं से अपने बच्चों को दवाई दिलाने आए व्यक्ति के साथ चौकी इंचार्ज विजय सिंह ने अपने सिपाहियों के साथ मिलकर की शर्मनाक अभद्रता मानव अधिकार के अधिनियम का खुलेआम हनन करते नजर आए चौकी इंचार्ज पटियाली गेट बीच बचाव में आई युवक की पत्नी व सासू के साथ की अभद्रता धक्का-मुक्की में महिला की साड़ी भी खुली अर्धनग्न महिला का वीडियो सोशल मीडिया पर तेरी से हो वायरल चौकी इंचार्ज की महिलाओं से अभद्रता के मामले में पूर्व में भी आ चुकी है कई शिकायतें वही पीड़ित का कहना अगर मैं किसी केस में वांछित था तो फिर 151 में चलाना कैसे कर दिया कोतवाली नगर के आवास विकास कॉलोनी का है पूरा मामला।

# 22वें निरंकारी बाबा गुरुबचन सिंह मेमोरियल क्रिकेट टूर्नामेंट का सफलतापूर्वक समापन



निशाकांत शर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

एटा-संत निरंकारी मिशन की प्रमुख सतगुरू माता सुदीक्षा जी महाराज के निर्देशन में 22वां निरंकारी बाबा गुरबचन सिंह मेमोरियल क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन किया गया। मीडिया प्रतिनिधि अमित कुमार ने बताया कि इस प्रतियोगिता में देश भर के सभी राज्यों से 115 टीमों ने रजिस्ट्रेशन किया गया, जिनमें से मुख्यत- 48 टीमें चयनित हुई और सभी ने खेलों के माध्यम द्वारा महत्वपूर्ण अनुभवों एवं शिक्षाओं को ग्रहण किया। क्रिकेट टूर्नामेंट के सेमी फाइनल चरण में मुम्बई-1, अमृतसर, रोहतक एवं मोहाली, चार राज्यों की टीमें चयनित हुई। अंतिम चरण (फाइनल राउंड) की प्रतियोगिता मुम्बई-1 और अमृतसर के बीच हुई, जिसमें से मुम्बई-1 टीम ने विजेता ट्रॉफी प्राप्त की। क्रिकेट टुर्नामेंट में 'मैन ऑफ द सिरिज का खिताब अरूण यादव (मुम्बई-1 टीम) के खिलाड़ी को मिला। इस मौके पर संत निरंकारी मण्डल के सचिव जोगिंदर सुखीजा, विनोद वोहरा, जोगिन्दर मनचंदा, नरेन्द्र सिंह, ओ पी निरंकारी ने विजेता टीम को ट्रॉफी देकर सम्मानित किया। संत निरंकारी मंडल की प्रमुख माता सुदीक्षा जी ने कहा कि सभी खिलाडियों ने अपनी युवा ऊर्जा के साथ अनुशासन, मर्यादा एवं सहनशीलता का सुंदर परिचय दर्शाया, जिसकी वर्तमान समय में अति आवश्यकता है। आज जहां हर मनुष्य एक दूसरे को केवल पीड़ा ही पहुंचा रहा है और उसके अहित में ही लगा हुआ है। ऐसे समय में सतगुरू माता सुदीक्षा जी महाराज की दी गयी सिखलाईयों से प्रेरणा लेते हुए प्रेम एवं मिलवर्तन का ऐसा अद्भुत उदाहरण इस टुर्नामेंट में खिलाडियों द्वारा प्रदर्शित किया गया। इस मैच के दौरान सभी खिलाड़ियों में किसी प्रकार की कोई प्रतिस्पर्धा, द्वेष एवं एक दूसरे को हतोत्साहित करने की भावना नहीं दिखी अपितु उनमें केवल आपसी सौहार्द्र एवं अमन ही देखने को मिला। सभी खिलाड़ियों ने खेलों में अपना शानदार प्रदर्शन किया, जिसके लिए उन्हें सर्टिफिकेट देकर सम्मानित किया गया। इसके अतिरिक्त प्रतिदिन होने वाले मैच में उत्तम प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ी को 'मैन ऑफ द मैच का खिताब देकर भी सम्मानित किया गया। सभी युवाओं के लिए प्रतिदिन सायं, सत्संग कार्यक्रम का आयोजन किया जाता रहा। जिसका उद्देश्य उन्हें शारिरिक रूप में स्वस्थ रखने के साथ-साथ आध्यात्मिक जागृति एवं मानसिक शांति प्रदान करना था।

# राशन कार्ड सरेन्डर कर 30 अप्रैल तक कर प्रशासन की वसूली से बचे

निशाकांत शर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

एटा-राशन कार्ड धारक यदि अपना राशन कार्ड सरेन्डर करना चाहता है तो वह अपना राशन 30 अप्रैल तक सरेंडर कर प्रशासन की वसूली से बच सकता है सरकार की जांच में वह यदि अपात्र पाया गया। तो उससे अब तक दिए गए राशन की वसूली हो सकती है। प्रशासन की सख्ती के बाद वसूली से बचने के लिये आज गांव डूंगर में 6 लोगो ने अपने राशन कार्ड सरेंडर किये। जानकारी देकर 30 अप्रैल तक सरेंडर कर सकता है। सरकार द्वारा बनाई गई अपात्रता की शर्तें निम्न नुसार है। जिसके घर मे एसी, ट्रेक्टर, थ्रेसर मशीन, शहर में प्लाट या मकान, कार, 2 एकड़ जमीन, आयकर दाता है। घर मे यदि परिवार का सदस्य सरकारी या अर्धसरकारी नोकरी जिसकी आय 2 लाख से ऊपर है। उसका परिवार राशन कार्ड के लिये अपात्र है।

# ग्राम पंचायत जाज के जंगलों में ग्रामीणों पर भालू ने किया जानेवाला हमला , एक ग्रामीण हुआ घायल

रामचंद्र जायसवाल

दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच



- नहीं पहुंची स्वस्थ्य विभाग की एम्बुलेंस 108
- दूसरे व्यक्ति ने भागकर किसी तरह बचाई अपनी जान

सूरजपुर-ओड़गी- विकासखंड में इन दिनों भालुओं का आतंक ज़ारी है। दूसरी ओर जंगल जल रहें हैं। पूरी घटनाक्रम ओड़गी विकासखंड के दूरस्थ गांव जाज की है। जहां पर जंगल में भालू ने ग्रामीणों पर जानलेवा हमला बोल दिया। प्राप्त जानकारी अनुसार जाज गांव के निवासी अमर सिंह पंडो पिता रूपचंद्र पंडो उम्र लगभग 37 वर्ष अपने साथी बिजेशवर पंडो के साथ रविवार देर शाम लगभग तीन चार बजे जाज जंगल में अपने पालतू पशुओं को चराने गए हुए थे। तभी ग्रामीणों का सामना भालू से हो गया। जिसमें भालू ने अमरसिंह पंडो पर हमला बोल दिया और उसके पैर के जांघ के मांस को नोच दिया व चेहरे पर हमला बोल दिया। जिससे वह घायल हो गया। फिर किसी तरह से वह भालू के चंगुल से बचा। भालू हमले की सूचना गांव के लोगों को दी गई फिर ग्रामीणों ने घायल ग्रामीण को लकड़ी का खाट बनाकर ढोकर में किसी तरह लाएं।

### नहीं पहुंची स्वास्थ्य विभाग की एम्बुलेंस 108 वाहन

घायल ग्रामीण की उचित इलाज के लिए अस्पताल ले जाने के लिए भाजपा अनुसूचित जनजाति मोर्चा मंडल ओड़गी अध्यक्ष नधीर पैकरा के द्वारा स्वास्थ्य विभाग में एम्बुलेंस 108 भेजने के लिए रात लगभग 9 बजे सम्पर्क किया। परन्तु स्वास्थ्य विभाग के द्वारा एम्बुलेंस 108 गाड़ी को नहीं भेजा गया। तभी मानवता का परिचय देते हुए नधीर पैकरा के द्वारा अपने निजी वाहन से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भैयाथान पहुंचाया गया। जहां से जिला अस्पताल सूरजपुर रेफर किया गया। फिर वहां से करीब 12 बजे रात को एम्बुलेंस 108 वाहन से जिला अस्पताल सूरजपुर तक पहुंचाया। जहां पर ग्रामीण का ईलाज चल रहा है।

# ग्राम पंचायत खड़गवां कला गौठान में करमडार महिला स्व सहायता समूह कर रहा खीरा विक्रय कर हजारों की आमदनी

रामचंद्र जायसवाल

दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच



सूरजपुर-शासन की महत्वकांक्षी योजना नरवा, गरवा, घुरवा, बाड़ी विकास अंतर्गत गौठान में बाड़ी विकास के माध्यम से ग्रामीण अर्थव्यवस्था को नई दिशा मिल रही है। गौठनों के बाड़ी में विभिन्न प्रकार के सब्जियों का उत्पादन कर स्व-सहायता समूह की महिलाएं आर्थिक रूप से सशक्त हो रहे हैं। कलेक्टर डॉ. गौरव कुमार सिंह एवं जिला पंचायत सीईओ श्री राहुल देव के निर्देशन एवं मार्गदर्शन में जिले के गौठानों में बाड़ी विकास सहित अन्य बहुउद्देशीय रोजगार मूलक गतिविधियां कराया जा रहा है। जिससे स्थानीय महिला स्व-सहायता समूह को आर्थिक दृष्टिकोण से सहायता प्राप्त हो रहा है। जनपद पंचायत प्रतापपुर के ग्राम पंचायत खड़गवां कला गौठान में करमडार महिला स्व-सहायता समूह द्वारा खीरा 12 हजार रुपए एवं मूली और पालक भाजी 6 हजार रुपए का दो दिवस के अंदर बेचा गया है। समूह की अध्यक्षा श्रीमती कंचन ने बताया कि मूली एवं पालक भाजी गौठान के बाड़ी में लगभग 1 एकड़ में लगाया गया है जोकि हर दो दिवस के अंदर निकल रहा है। बाड़ी में लाल भाजी, टमाटर, धनिया, प्याज भी लगाया गया है।

# सांस्कृतिक धरोहरों को सहेजने का कार्य सबसे अहम- मुख्यमंत्री श्री बघेल

ग्यासुद्दीन

दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच



गौरेला पेंड्रा मरवाही-अपने सांस्कृतिक मूल्य और सांस्कृतिक धरोहरों को सहेजने के साथ ही आर्थिक विकास का रास्ता हमने चुना, हमने अपने तीज त्योहारों परंपराओं को सहेजने की दिशा में कार्य किया। इसी क्रम में भक्त माता कर्मा की जयंती पर भी अवकाश आरंभ किया इस अवकाश की मांग सामाजिक जनों ने नहीं की थी लेकिन हमें महसूस हुआ कि भक्त माता कर्मा के भक्तों के लिए यह बहुत अच्छा कार्य होगा। यह संदेश मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल ने दुर्ग जिले के ग्राम परसदा में साहू समाज के कार्यक्रम के अवसर पर दिया। इस अवसर पर उन्होंने आदर्श विवाह के नव दंपति को भी आशीर्वाद दिया। मुख्यमंत्री ने कुम्हारी में साहू समाज के सामुदायिक भवन के लिए 50 लाख रुपये की घोषणा की। मुख्यमंत्री ने कहा कि सांस्कृतिक परंपराओं को सहेजने के साथ आर्थिक विकास का रास्ता भी हमने अपनाया है। उन्होंने कहा कि हमारी सांस्कृतिक मान्यताएं कृषि प्रधान अर्थव्यवस्था से संबंधित है और इन्हें बढ़ावा देकर हम कृषि अर्थव्यवस्था को मजबूत कर रहे हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि शहरी विकास के लिए भी तेजी से योजनाएं शासन ने आरंभ की है। कुम्हारी क्षेत्र में नगरपालिका के वार्डों के लिए 24 करोड़ रुपये के विकास कार्य किये जा रहे हैं। इसके साथ ही कुम्हारी क्षेत्र में स्कूलों का जीर्णोद्धार भी होगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि राजिम में साहू समाज के द्वारा बड़ा आयोजन किया जाता है ऐसे ही आयोजनों को ध्यान में रखते हुए हमने 55 एकड़ जगह क्षेत्र के विकास के लिए निर्धारित किया। यहां मंगल भवन बनाया जाएगा सामुदायिक भवन बनाया जाएगा तथा क्षेत्र का विकास इस तरह से किया जाएगा ताकि सामाजिक जनों को सामाजिक कार्यक्रम करने में किसी तरह की दिक्कत ना आए। मुख्यमंत्री के प्रति आभार व्यक्त किया। इस मौके पर साहू समाज के पदाधिकारी गण एवं परसदा के ग्रामीण मौजूद थे।

# श्रमजीवी पत्रकार कल्याण संघ के जिला अध्यक्ष बने अजय

रामचंद्र जायसवाल

दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच



सूरजपुर-दतिमा मोड़- छत्तीसगढ़ श्रमजीवी पत्रकार कल्याण संघ के प्रदेशाध्यक्ष बीडी निजामी के निर्देशन में प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य कृष्णा सिंह बाबा संभागीय अध्यक्ष विवेकानंद पांडे सरगुजा जिलाध्यक्ष अखिलेश जायसवाल के नेतृत्व में जिला कार्यकारिणी का बैठक सूरजपुर कृष्णा होटल में आयोजन किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित पदाधिकारियों का पत्रकारों ने माल्यार्पण कर स्वागत किया। सरगुजा जिलाध्यक्ष अखिलेश जायसवाल ने भी पत्रकारों को संगठन में एकजुटता दिखाने की बात कही । सूरजपुर जिले में संगठन का विस्तार करते हुए युवा पत्रकार अजय चक्रधारी को संगठन के पदाधिकारियों के माध्यम से जिला अध्यक्ष नियुक्त किया गया है वही युवा पत्रकार उमाशंकर देवांगन को जिला महासचिव की जिम्मेदारी मिली है। संगठन के पदाधिकारियों के द्वारा नियुक्ति पत्र व माल्यार्पण से स्वागत कर नवनियुक्त पदाधिकारियों को बधाई दी गई। कार्यक्रम में मुख्य रूप से संभागीय उपाध्यक्ष राजू शर्मा, ब्लॉक अध्यक्ष उमेश प्रजापति ,सोनहत जिला उपाध्यक्ष सरगुजा परमेश्वर प्रजापति, युवा पत्रकार चंद्र प्रकाश साहू, सोनू पांडे, सूरज जायसवाल,सहित अन्य पत्रकार साथी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का सफल संचालन कन्हाई राम बंजारा के द्वारा किया गया।

# विधायक डॉ. ध्रुव ने स्वास्थ्य मेले में परीक्षण कराकर लोगों को किया प्रेरित

ग्यासुद्दीन

दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच



गौरेला पेंड्रा मरवाही-सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र गौरेला में आजादी का अमृत महोत्सव के उपलक्ष्य में आयोजित खंड स्तरीय स्वास्थ्य मेले में विधायक डॉ. के के ध्रुव ने अपना स्वास्थ्य परीक्षण कराकर लोगों को प्रेरित किया। विधायक डॉ. ध्रुव स्वयं चिकित्सक होने के नाते कहा कि लोगों को ब्लड प्रेशर, मधुमेह, ऑक्सीजन लेवल, ईसीजी, सिकलिंग, हीमोग्लोबिन आदि का नियमित रूप से जांच कराते रहना चाहिए, ताकि प्रारंभिक लक्षण मिलते ही समय पर समुचित इलाज कराया जा सके। उन्होने दीप प्रज्वलित कर स्वास्थ्य मेले का शुभारंभ किया। कलेक्टर सुश्री ऋचा प्रकाश चौधरी ने भी स्वास्थ्य मेले में अपना स्वास्थ्य परीक्षण कराया। उन्होने स्वास्थ्य मेले का अधिक से अधिक लाभ लेने लोगों से अपील की। कलेक्टर ने कहा कि कोरोना महामारी संक्रमण के बाद से नियमित रूप से स्वास्थ्य परीक्षण कराना और भी ज्यादा जरूरी हो गया है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. देवेन्द्र सिंह पैकरा ने स्वास्थ्य मेले के उद्देश्य पर प्रकाश डाला। स्वास्थ्य मेले में आयुष्मान कार्ड, डिजिटल कार्ड, मधुमेह, उच्च रक्तचाप, शिशु रोग जांच एवं उपचार, हड्डी रोग, स्त्री रोग, कोविड वैक्सीनेशन की निशुल्क व्यवस्था की गई थी। स्वास्थ्य मेले में 170 लोगों ने स्वास्थ्य परीक्षण कराया तथा 45 लोगों का आयुष्मान एवं स्वास्थ्य कार्ड बनाया गया। स्वास्थ्य मेले में जिला पंचायत सदस्य, जनपद पंचायत अध्यक्ष सुश्री ममता पैकरा, खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ. ए. आई. मिंज, कार्यक्रम प्रबंधक अरविंद सोनी, विरेंद्र सिंह, श्री पूरन लाल साहू, डॉ अभिमन्यू सिंह, डॉ. एस के सिन्हा, डॉ. देवेश द्विवेदी सहित समस्त चिकित्सक एवं स्टाफ उपस्थित थे।

# राजस्व मंत्री श्री जयसिंह अग्रवाल ने प्रशासनिक काम-काज और कानून व्यवस्था की जानकारी ली

ग्यासुद्दीन

दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच



गौरेला पेंड्रा मरवाही- जिले के प्रभारी मंत्री और राजस्व एवं आपदा प्रबंधन, पुर्नवास एवं वाणिज्यिक कर ( पंजीयक एवं मुद्रांक ) मंत्री श्री जयसिंह अग्रवाल ने आज जिला प्रवास के दौरान विश्राम गृह में प्रशासनिक अधिकारियों और जनप्रतिनिधियों से चर्चा की। उन्होने विधायक डॉ. के के ध्रुव की उपस्थिति में जिले में चल रहे प्रशासनिक काम-काज और कानून व्यवस्था की जानकारी ली। कलेक्टर सुश्री ऋचा प्रकाश चौधरी, पुलिस अधीक्षक श्री त्रिलोक बंसल, वनमंडलाधिकारी श्री दिनेश पटेल ने उन्हे विभागीय गतिविधियों से अवगत कराया। इस अवसर पर नगर पंचायत पेंड्रा के अध्यक्ष श्री राकेश जालान भी उपस्थित थे। आम नागरिकों ने जिले के प्रभारी मंत्री को अपनी समस्याओं-मांगों आदि से संबंधित ज्ञापन भी सौपा। मंत्री ने उनके ज्ञापनों को संबंधित अधिकारियों को प्रेषित कर निराकरण के निर्देश दिए।